# विद्या भारती न्यूजलेटर

## इस अंक में...


- नाना लाभे सुलेखन प्रकल्प का लोकार्पण
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2022)
- अखिल भारतीय योग केंद्र – अमरकंटक (मध्य प्रदेश) में महाकौशल प्रांत का योग वर्ग
- आईएएस राकेश गुप्ता (पूर्व छात्र) NTSE की तैयारी के लिए समय देंगे
- राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय संस्कार रंग टोली की कार्यशाला : दिल्ली व गाजियाबाद
- मेघालय के राज्यपाल ने श्री कांची कामकोटि विद्या भारती विद्यालय मावबा, बारापथरी में विद्यालय और महाविद्यालय भवन का किया उद्घाटन
- प्रधानाचार्य प्रावीण्य वर्ग, मेरठ प्रांत
- पूर्व क्षेत्र, पूर्णकालिक मिलन, 8 -21 जून 2022 पारादीप, उड़ीसा
- श्री विद्यारण्य इंटरनेशनल स्कूल, हैदराबाद, तेलंगाना के परिसर में नए भवनों का उद्घाटन
- राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत युवा पीढ़ी का निर्माण कर रही विद्या भारती: सुनील आम्बेकर
- स्कूली बच्चों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में किए सेवा कार्य
- विद्या भारती की उपलब्धियां : परीक्षा परिणाम
- विद्या भारती की उपलब्धियां : खेलकूद
- विद्या भारती पूर्व छात्र : सफलता की कहानियाँ


## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2022)

**विद्या भारती के स्कूलों में मनाया गया आठवाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस।**
**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विद्यालय की प्रबंध समिति एवं आचार्यों की उपस्थिति में मनाया गया।**

**बुद्धियुक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृते।**
**तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम्।।**
**|| गीता 2/50 ||**

**बुद्धि से युक्त मनुष्य यहाँ जीवित अवस्था में ही पुण्य और पाप दोनों का त्याग कर देता है। अतः तू योग में लग जा, क्योंकि योग ही कर्मों में कुशलता है।**




## नाना लाभे सुलेखन प्रकल्प का लोकार्पण

### जीवन की सार्थकता की प्रेरणा देता है नाना का जीवन : भैया जी जोशी

# नाना लाभे सुलेखन प्रकल्प का लोकार्पण

**कर्मठ स्वयंसेवक**

**केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि नाना कर्मठ स्वयंसेवक थे। संस्कार व विचार की अभिव्यक्ति उनके हावभाव से होती थी। उन्होंने अपनी पेंशन स्कूल को दे दी। वे एक अच्छे शिक्षक थे। मराठी साहित्य के लिए योगदान देते रहे।**

नागपुर । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह श्री भैया जी जोशी ने कहा कि मानव को जीवन की सार्थकता समझना चाहिए। केवल अपने परिवार को लाभ पहुँचाने के लिए प्रयास किया जाता है, लेकिन जीवन की सार्थकता इसमें है कि समाज हित में काम करें। दूसरों को देना भारतीय संस्कृति है। नाना का जीवन प्रेरक है। विद्या भारती की ओर से नाना लाभे सुलेखन प्रकल्प का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री जोशी बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नाना के प्रकल्प में जीवन के आंतरिक सौंदर्य का प्रकटीकरण है। अस्वस्थ मन से कोई अच्छा लेखन नहीं कर सकता है। समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, पश्चिम क्षेत्र संघचालक डॉ. जयंती भाडेसिया, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव, विदर्भ प्रदेश अध्यक्ष रमेश धारकर, शैलेष मानावत उपस्थित थे।







# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2022)

**विद्या भारती के विद्यालयों में मनाया गया आठवाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

**विद्या भारती अखिल भारतीय योग वर्ग-अमरकंटक- मध्य प्रदेश**

विद्या भारती अखिल भारतीय योग केंद्र अमरकंटक जिला अनूपपुर में महाकौशल प्रान्त की योजनानुसार तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। 21 जून को माँ नर्मदा के उद्गम स्थल पर मन्दिर परिसर में आयोजित समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री रविन्द्र सिंह, इंदिरा गांधी जनजाति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रकाशमणि त्रिपाठी, अनूपपुर जिले की कलेक्टर सोनिया मीणा, विद्या भारती मध्य क्षेत्र के संगठन मन्त्री भालचंद्र रावले, मध्य क्षेत्र के सह संगठन मंत्री डॉ. आनंद राव एवं योग शिक्षा के अखिल भारतीय संयोजक के. स्थाणुमूर्ति उपस्थित रहे।


























मार्ग संख्या 70, पश्चिमी पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026
द्वारा आयोजित
















अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
21 जून

# IAS राकेश गुप्ता (पूर्व छात्र ) ने NTSE के लिए किया मार्गदर्शन

महाशय चून्नी लाल सरस्वती बाल मंदिर, हरि नगर में 25 जून 2022 को बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए आयोजित संवाद सत्र में पूर्व छात्र व 1997 बैच के आईएएस (प्रधान सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार) डॉ. राकेश गुप्ता उपस्थित रहे। प्रथम सत्र में डॉ. गुप्ता ने आईएएस अधिकारी की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों पर चर्चा की और छात्रों को यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। दूसरे सत्र में उन्होंने एनटीएसई परीक्षा, इसके महत्व और तैयारी के लिए सर्वोत्तम पुस्तकों पर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। डॉ. राकेश गुप्ता इस कार्य के लिये मास में एक – दो दिन नियमित समय देंगे ।







# राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय संस्कार रंग टोली की कार्यशाला : दिल्ली व गाजियाबाद

**विद्या भारती (दिल्ली-एनसीआर) विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 'थिएटर इन एजुकेशन' द्वारा आयोजित 'थिएटर वर्कशॉप' का आयोजन किया गया ।**

**राजौरी गार्डन** | सरस्वती बाल मंदिर, राजौरी गार्डन , दिल्ली में छात्रों के लिए टीआईई (थिएटर इन एजुकेशन) के तहत एनएसडी (नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा) की टोली के निर्देशन में 25 मई 2022 से 26 जून 2022 तक कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं का आयोजन 8 से 11 वर्ष, 12 से 14 वर्ष और 15 से 16 वर्ष की तीन श्रेणियों में किया गया। कार्य़शालाओं के समापन पर एनएसडी के अधिकारियों ने स्कूल अधिकारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यशाला ने छात्रों को अभिनय के बारे में नई अंतर्दृष्टि और समझ प्रदान की और छात्रों की छिपी प्रतिभा को तलाशने में सहायता की। कार्यशालाओं के आयोजन में क्रिएटिव हेड श्री अजय का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

**पंजाबी बाग** | सरस्वती बाल मंदिर, पंजाबी बाग, दिल्ली में 25 मई 2022 से 26 जून 2022 तक राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय संस्कार रंग टोली की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को अच्छी प्रकार से संपन्न करने के लिए विद्यालय की ओर से सभी सुविधाएं प्रदान की गईं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में पश्चिमी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से 8 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के 51 बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की ओर से मोहित जैन जी, संदीप कुमार जी, प्रतीक महंत जी, प्रियांशी सैनी जी और मुस्कान गोस्वामी जी ने बच्चों को प्रशिक्षित किया। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से खेल-खेल में अनेक जीवन मूल्यों यथा दया, करुणा, धैर्य, देशभक्ति, सहयोग आदि को ग्रहण किया। कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों यथा नाटक, गीत, संगीत, कविता, पेंटिंग, डिबेट आदि के माध्यम से बच्चों की अंतर्निहित प्रतिभा तथा आंतरिक क्षमताओं का विकास किया गया, जिससे बच्चे भावी जीवन में आने वाली चुनौतियों












का सामना करने में सक्षम हो सकें। कार्यशाला के समापन अवसर पर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के रजिस्ट्रार डॉक्टर ज्वाला प्रसाद जी मुख्य अतिथि रहे। समापन कार्यक्रम में कार्यशाला में भाग लेने वाले बच्चों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर लघु नाटक प्रस्तुत किए।

**वसंत विहार |** ललित महाजन एस.वी.एम. स्कूल, वसंत विहार दिल्ली में 25/06/22 को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय कार्यशाला के समापन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इंग्लिश विंग्लिश, कबीर सिंह, लाइफ ऑफ पाई आदि प्रसिद्ध फिल्मों के अभिनेता आदिल हुसैन थे। इस वर्कशॉप में दिल्ली के विभिन्न विद्यालयों के 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 1 मास की कार्यशाला के दौरान, छात्रों ने नृत्य, गायन और छोटी-छोटी स्किट खेलने जैसी गतिविधियाँ कीं। एनएसडी के शिक्षकों ने न केवल रचनात्मकता, स्व-शिक्षा के साथ युवा मन को बढ़ावा दिया, बल्कि उन्हें टीम वर्क के महत्व को भी समझाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं मुख्य अतिथि द्वारा छात्रों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किये गये।

**गाजियाबाद |** दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर नेहरू नगर, गाजियाबाद में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की महत्वपूर्ण इकाई रंग मंडल और थिएटर इन एजुकेशन (TIE) की ओर से 25 मई से 26 जून 2022 तक समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विभिन्न नगरों के 22 स्कूलों के 60 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। 8 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के दो ग्रुप बनाकार संस्कार रंगोली के 6 कुशल अध्यापकों ने प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को संगीत, नृत्य, योग, फिल्म, टेलीविजन और रेडियो तकनीक, डिजाइन और ग्राफिक्स, ललित कला, सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास और आंतरिक सजावट, नाटक, कथा, कविता आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों के साथ-साथ मातृ सम्मेलन में अभिभावकों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। समापन समारोह में दोनों ग्रुप के बच्चों ने संगीत, नाटक प्रस्तुत किए। संस्कार रंगोली का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और अपनी बात सबके सामने खुलकर रखने में सक्षम बनाना है।

## मेघालय के राज्यपाल ने श्री कांची कामकोटि विद्या भारती विद्यालय मावबा, बारापथरी में स्कूल और कालेज भवन का किया उद्घाटन

**मेघालय** के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कांची कामकोटि विद्या भारती विद्यालय मावबा, बरापाथर, शिलांग में 28 जून 2022 को नए स्कूल और कॉलेज भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का सशक्तिकरण केवल शिक्षा के माध्यम से ही हो सकता है। राज्यपाल ने जमीनी स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए कांची कामकोटि शंकर स्वास्थ्य, शिक्षा और चैरिटेबल ट्रस्ट की सराहना की। नया स्कूल भवन शिलांग के जिओंका परिवार द्वारा दान की गई भूमि पर बनाया गया है और वर्ष 2004 से कक्षा 10 तक शिक्षा प्रदान कर रहा है।

नए भवन का निर्माण कांची कामकोटि शंकर स्वास्थ्य, शिक्षा और चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया था जबकि विद्यालय पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति और मेघालय शिक्षा समिति द्वारा संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय विधायक आर. रापसांग ने स्कूल के फर्नीचर के लिए 15 लाख रुपये का दान दिया। नोंगबोह में स्कूल के निर्माण के लिए 30 बीघा भूमि व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता प्रलाद तूर ने दान की। इस अवसर पर एनईआईजीआरआईएचएमएस के निदेशक नलिन मेहता और पद्मश्री पेट्रीसिया मुखिम ने भी विचार रखे।










## नवीन प्रधानाचार्य प्रावीण्य वर्ग, मेरठ प्रांत




सरस्वती शिशु मंदिर, नेहरू नगर, गाजियाबाद में 31 मई से 5 जून 2022 तक नवीन प्रधानाचार्य प्रावीण्य वर्ग का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्या भारती मेरठ प्रान्त के संगठन मंत्री तपन कुमार जी ने बताया कि प्रधानाचार्यों को दायित्व बोध कराने के लिए विद्या भारती द्वारा ऐसे आयोजन प्रतिवर्ष किए जाते हैं। इस वर्ष प्रधानाचार्य अभ्यास वर्ग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विस्तार से अभ्यास कराया गया। इसमेंक्रियात्मक एवं बाल केंद्रित शिक्षा आदि पर फोकस किया गया ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।
गत दो वर्ष तक कोरोना काल रहा और अब उसके पश्चात यह अभ्यास वर्ग बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान श्री प्रकाश जी ने प्रधानाचार्यों को दायित्व बोध का ज्ञान कराया और शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं को राष्ट्रीय हित में समाहित करने और अपनेअधिष्ठान को पुष्पित व पल्लवित करने का आह्वान किया। नवीन प्रधानाचार्य प्रावीण्य वर्ग में मेरठ प्रांत के 70 नवचयनित प्रधानाचार्य शामिल रहे।

## पूर्व क्षेत्र पूर्णकालिक मिलन - पारादीप, उड़ीसा

विद्या भारती पूर्व क्षेत्र का पूर्णकालिक मिलन कार्यक्रम सरस्वती विद्या मंदिर पारादीप ओडिशा में 18 से 21 जून 2022 तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिक्किम, उत्तर बंग, दक्षिण बंग और ओडिशा के पूर्णकालिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय 13 संस्कार केंद्रों का अवलोकन, जानकारी और बस्ती में भोजन करना शामिल रहा। पूर्व विद्यार्थियों के साथ बैठक करना, विद्यालय की पूर्ण जानकारी लेना, स्वाध्याय, क्रिएटिविटी, भाषा, आज़ादी का अमृत महोत्सव के बारे में प्रतियोगिता आदि पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोबिंद चंद्र मोहंत जी, सह संगठन मंत्री श्री यतीन्द्र शर्मा जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



# आधारभूत विषय आचार्य गोष्ठी

**विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की संकल्पना**

विद्या भारती ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास यानि शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक की संकल्पना की है, जो भारतीय शिक्षा दर्शन की पंचकोशीय यानि अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, मनोमय कोश, विज्ञानमय कोश एवं आनंदमय कोश के समग्र विकास की अवधारणा पर आधारित है।

**शरीर है पंचतत्वों का, संस्कृत भाषा जिसका मूल।**
**नैतिकता, योग, शारीरिक समावेशी, संगीत स्वरों का जोड़।।**

श्री सनातन धर्म सरस्वती बाल मंदिर पंजाबी बाग विद्यालय में 22 से 29जून 2022 तक आधारभूत विषय आचार्य वर्ग का आयोजन किया गया। वर्ग में विद्या भारती दिल्ली प्रांत के संगठन मंत्री रवि कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वैचारिक, बोधात्मक एवं क्रियान्वयन हेतु विशेष प्रयास है। उन्होंने लॉर्ड मैकाले, विनोबा भावे आदि का उदाहरण देते हुए भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर चिंतन एवं शिक्षण-प्रशिक्षण, शिक्षा अधिगम, विद्यालय प्रबंधन, ऑनलाइन शिक्षण, दूरस्थ शिक्षा, कौशल विकास आदि पर भी विचार व्यक्त किए।

प्रशिक्षण वर्ग में हर्ष कुमार जी शैक्षिक, सेवा व प्रशिक्षण प्रभारी,विद्या भारती, उत्तर क्षेत्र ने कहा कि पंचतत्व के असंतुलन से ही पर्यावरण प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या उत्पन्न होती है। यदि हम प्राचीन भारतीय जीवन दर्शन एवं जीवन शैली का अनुकरण करते हैं तो पर्यावरण प्रदूषण की गम्भीर समस्या से मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि कक्षा में अध्यापन के समय विषय छात्रों के लिए सहज बोधगम्य बनाने के लिए अन्य विभिन्न विषयों के दृष्टांत/सिद्धांत देना अन्तर्विषयक दृष्टिकोण कहलाता है। इससे विषय को प्रामाणिकता से समझने में सहायतामिलती है।

37 विद्यालयों के पांच आधारभूत विषयों - शारीरिक शिक्षा, योग, संगीत, संस्कृत एवं नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा के 85 आचार्यों ने भाग लिया।







# राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत युवा पीढ़ी का निर्माण कर रही विद्या भारती: सुनील आम्बेकर

विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रचार विभाग द्वारा 26 जून को लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने कहा कि विद्या भारती राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत युवा पीढ़ी का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की सेवा, सुरक्षा के लिए जब तक सामान्य लोग आगे नहीं आएंगे, तब तक देश खड़ा नहीं हो सकता। इसी विचार को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना काल से ही कार्य कर रहा है और सामान्य लोगों को जागरुक कर रहा है। हम सभी को राष्ट्रहित में समर्पण और परिश्रम करना होगा, जिससे हमारा देश पुनः विश्वगुरु बन सके। सुनील आम्बेकर ने कहा कि हमें संयमित और मर्यादा में रहकर ठीक से योजना बनाकर कार्य करने की जरूरत है। हमारा राष्ट्र पुरातन है, हमारा राष्ट्र सनातन है और देश का इतिहास गौरवशाली है।



हमें अतीत से सीखकर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विमर्श एक सतत् प्रक्रिया है, हमारा कार्य राष्ट्रहित में समाज के विमर्श को आगे बढ़ाना है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना जरूरी है। विद्या भारती जैसी शैक्षणिक संस्थाएं संस्कारवान शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत, देश के लिए मर मिटने वाली युवा पीढ़ी का निर्माण कर रही हैं।

हमें समसामयिक विषयों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। राजनीतिक हितों को साधने के लिए देश में चल रहे षड्यंत्रों से बचने के लिए हमें तथ्यात्मक और सही जानकारी लोगों तक पहुंचानी होगी। इसके लिए राष्ट्रहित में काम करने वाली संस्थाओं को आगे आना होगा। भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा कि हमें समाज को मीडिया साक्षर बनाने की जरूरत है। आज के आधुनिक युग में हमें दुनिया से कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना है और अपनी संस्कृति और परम्परा को भी सुरक्षित व संरक्षित रखना है। ऐसे में विद्या भारती जैसे बड़े संगठन की भूमिका और बढ़ जाती है। वर्तमान परिवेश में शिक्षकों की ज़िम्मेदारी है कि वह बच्चों को उचित संदेश के साथ उनसे बेहतर संवाद करें, जिससे हमारे समाज को सही दिशा मिल सके।नवभारत टाइम्स के संपादक नदीम ने प्रिंट मीडिया की कार्य पद्धति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सूचना के लिए सम्पर्क अच्छे होने के साथ परस्पर संवाद होना चाहिए। हमें बोलने से अधिक सुनने पर फोकस करना चाहिए। दैनिक जागरण के संपादक आशुतोष शुक्ला ने कहा कि ये सभ्यताओं के संघर्ष का दौर है। हम भारतीय दृष्टि से अपनी बात तर्क के साथ रखें और इतिहास के सही पक्षों को समाज के सामने लाएं। इतिहास को सिर्फ पढ़ लेने या उसका विरोध करके बदलाव नहीं लाया जा सकता, हमें वैचारिक और तकनीकी रूप से मजबूत होना होगा और तर्कपूर्ण बातें सामने रखनी होंगी।

समापन सत्र में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने प्रचार विभाग की कार्य योजना के लिए बनाए गए अष्ट बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने चारों प्रांतों के 49 जिलों से आए प्रांत प्रचार प्रमुख, सोशल मीडिया प्रमुख से आगामी योजना की जानकारी ली और मार्गदर्शन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रचार प्रमुख नरेंद्र सिंह, एससीईआरटी के संयोजक डॉ. सौरभ मालवीय, दूरदर्शन के कार्यक्रम अधिकारी आत्म प्रकाश, सोशल मीडिया विशेषज्ञ वरिष्ठ पत्रकार प्रणय विक्रम सिंह, राष्ट्रीय स्वरूप के संपादक सत्यप्रकाश त्रिपाठी और अनिरुद्ध शर्मा आदि ने भी विचार रखे। प्रशिक्षण बैठक की कार्ययोजना विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रचार प्रमुख सौरभ मिश्रा ने रखी और संचालन सह प्रचार प्रमुख भास्कर दुबे ने किया।

## स्कूली बच्चों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में किए सेवा कार्य

गुवाहाटी : दक्षिण असम, कछार जिले में लगभग 2.78 लाख लोग प्रभावित हैं, जिसमें अकेले सिलचर शहर में 96,689 लोग पीड़ित हैं। राहत अभियान में न सिर्फ संघ के स्वयंसेवक बल्कि सरस्वती विद्या मंदिर के स्कूली बच्चे भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। युवा छात्रों और शिक्षकों ने स्वेच्छा से प्रभावित लोगों की सेवा करने और उन्हें उनके दुख से बाहर निकालने के अभियान का हिस्सा बनने के लिए तैयार स्वयं को किया है। वे औसतन 1000+ लोगों तक पहुंच रहे हैं, राहत शिविरों और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे हैं। विकास परिषद, दक्षिण असम प्रांत में राज्य स्तरीय समिति ने बाढ़ की शुरुआत के बाद से पानी, भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं के वितरण, बचाव और पुनर्वास और अन्य सहायता उपायों के रूप में राहत और बचाव अभियान शुरू किया है। श्री महेश भागवत, प्रांत सह संगठन मंत्री अन्य कार्यकर्ताओं के साथ और विभिन्न सरकारी एजेंसियों के सहयोग से इस बाढ़ की स्थिति से प्रभावित जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने और उनकी मदद करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।दक्षिण असम की विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, सिलचर के सदस्यों ने एक नेक भाव में मालूग्राम क्षेत्र में बच्चों के बीच बिस्कुट बांटे. विशेष रूप से, चतरा परिषद ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निवासियों को मुफ्त राशन भी वितरित किया। ·विद्या भारती हाजोंगबाड़ी परियोजना ने कोरोना और बाढ़ के दोहरे संकट से जूझ रहे लोगों को राशन वितरित किया।भीषण बाढ़ ने दक्षिण असम प्रांत में कम से कम 20 विद्या भारती विद्यालयों को भी प्रभावित किया है जिसके परिणामस्वरूप स्कूल भवनों और आवश्यक बुनियादी ढांचे, कंप्यूटर, फर्नीचर और उपकरण, संपर्क सड़क और कनेक्शन, विद्युत नेटवर्क आदि को भारी नुकसान हुआ है। आंधी तूफान से एक स्कूल भवन की छत उड़ गई। इसके अलावा छात्रों के स्कूल की किताबें, बैग, वर्दी, जूते आदि बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिन्हें बदलने की आवश्यकता है। हमारे शिक्षक, माता-पिता और कार्यकर्ता भी कई क्षेत्रों में बाढ़ की मार झेल रहे हैं। इसके अलावा, कछार जिले के अधिकांश विद्यालयों को राहत शिविरों में बदल दिया गया है, जहां बाढ़ प्रभावित लोगों को दोनों अवसरों पर आश्रय दिया गया है। हम उन्हें अपनी क्षमता के अनुसार न्यूनतम आवश्यकताएं प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं।








# विद्या भारती की उपलब्धियां : परीक्षा परिणाम

## विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र : असम हाईस्कूल परीक्षा की प्रावीण्य सूची में डेढ़ दशक से शंकरदेव विद्या निकेतनों के छात्रों का गौरव ।


विदिशा नाथ
शंकरदेव विद्या निकेतन, चराइबाही



कौस्तव ज्योति नाथ
शंकरदेव विद्या निकेतन, मोरीगांव


धितिस्मिता डेका
शंकरदेव विद्या निकेतन, नलबाड़ी


अनुराग बोरा
शंकरदेव विद्या निकेतन, वनगांव, माजुली


दिव्यज्योति लहकार
शंकरदेव विद्या निकेतन, नलबाड़ी

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बन्धित शिशु शिक्षा समिति असम द्वारा संचालित शंकरदेव शिशु विद्या निकेतनों के छात्र प्रतिवर्ष असम हाईस्कूल परीक्षा की प्रावीण्य सूची में परचम लहराते आ रहे हैं। इस वर्ष आये परीक्षा परिणाम के अंतर्गत राज्य में शंकरदेव विद्या निकेतन चराईबाही की छात्रा विदिशा नाथ ने नवम स्थान, शंकरदेव विद्या निकेतन मोरीगांव के छात्र कौस्तुभ  ज्योति नाथ, शंकरदेव विद्या निकेतन वनगांव माजुली के छात्र अनुराग बोरा, शंकरदेव विद्या निकेतन नलबारी के छात्र दिब्यज्योति लहकर एवं छात्रा धृतिस्मिता डेका ने  दसवां स्थान प्राप्त किया। विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, क्षेत्रीय मंत्री डॉ. जगदीन्द्र रॉयचौधरी, शिशु शिक्षा समिति असम के अध्यक्ष डॉ. दिब्यज्योति महंत, मंत्री कुलेन्द्र कुमार भगवती ने छात्रों को शुभकामनायें प्रेषित की। इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड असम द्वारा आयोजित परीक्षा में विद्या भारती के 9692 के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। 5291 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान, 2847 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान, 698 विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1418 छात्रों ने स्टार, 13070 छात्रों ने लेटर, 1099 छात्रों ने विशिष्ट स्थान प्राप्त किया।





विशाखा अपनी मां के साथ। ● स्वयं

पापा मैंने जिले में पाया तीसरा स्थान




नंदलाल गीता विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल तेपला के विश्व प्रताप ने जिले में आर्ट्स में टॉप किया है। पिता प्रदीप कुमार का 2017 में बीमारी के कारण निधन हो गया था। मां शशि बाला सिलाई करती है। बड़ा भाई बीटेक कर रहा है। साथ ही आईटी कंपनी में काम करता है ताकि परिवार का गुजारा चलता रहे। 6वीं कक्षा से ही स्कूल के हॉस्टल में है। मूलरूप से यमुनानगर रादौर रोड जैन मंदिर के पास का रहने वाला है। आईएएस बनना चाहता है। 10वीं तक एवरेज स्टूडेंट रहा है और 88 प्रतिशत अंक आए थे। इतने नंबर भी बहुत ज्यादा लगे थे। परिवार की हालत देखते हुए पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देना शुरू किया। भाई कहता था कि अगर अच्छे नंबर न आए तो तुझे बताऊंगा। छात्रावास में मोबाइल अलाउड नहीं था। कोरोना में भी अपनी मां के फोन से पढ़ा।

• सक्सेस मंत्र
• खुद नोट्स बनाए। ताकि रिवीजन में दिक्कत न हो।
• जब स्ट्रेस हुआ तो वार्डन के पास जाकर टीवी पर ऐतिहासिक चीजें देखी।
• सुबह 3 बजे उठकर पढ़ाई की। रात को 10 बजे सोने का नियम है, में 12 से 1 बजे तक पढ़ा।
• प्रिंसिपल ने लाइट जलाने की स्पेशल परमिशन दी थी







सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजगंज का छात्र करण श्रीवास्तव कक्षा बारहवीं (गणित संकाय) सरगुजा संभाग में टॉप किया। मुख्यमंत्री जी से स्कॉलरशिप एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए।

### सौ प्रतिशत रहा नंदलाल गीता विद्या मंदिर स्कूल का परिणाम


नंद लाल गीता विद्या मंदिर स्कूल तेपला की छात्रा विशाखा ने जिले में 486 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया है।


नंद लाला गीता विद्या मंदिर स्कूल तेपला की ही छात्रा महक ने भी जिले में तृतीय स्थान हासिल किया।

साहा खंड के गांव रामपुर में रहने वाले चरणजीत सिंह की बेटी विशाखा ने जिले में 10वीं कक्षा में तीसरा स्थान पाया। विशाखा नंदलाल गीता विद्या मंदिर तेपला में पिछले पांच साल से पढ़ाई कर रही है। अभी अपने मामा के घर गई हुई है। 10वीं के रिजल्ट के बारे में उसी ने मुझे फोन कर बताया कि पापा मैं फर्स्ट आई हूं पूरे जिले में। चरणजीत सिंह गांव में ...

### श्री नरसिंह सरस्वती विद्या मन्दिर फतेहपुर की सुजल ने टॉप-10 में पाया 7वां रैंक




विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थी शिक्षकों के साथ।

...लाल गीता विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का ...म शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य बलवंत सिंह ने ...


महक को उसके पिता मिठाई खिलाते हुए। ● स्वयं

### किसान की बेटी महक की मेहनत लाई रंग

मुलाना के गांव ब्राह्मण माजरा की रहने वाली महक ने भी तीसरा स्थान जिले में पाया है। महक भी नंदलाल गीता विद्या मंदिर स्कूल तेपला में पढ़ाई कर रही है। महक के पिता जसवंत किसान है और मां मिनाक्षी गृहिणी है। महक की बहन नैनसी एसडी कालेज अंबाला छावनी से बीएससी कर रही है। दैनिक जागरण से बातचीत में नैनसी ने बताया कि वह डाक्टर बनना चाहती है। इसके लिए नीट की तैयारी करनी शुरू कर दी है। नैनसी ने बताया कि कोरोना के चलते पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हो गई थी। लेकिन कोरोना खत्म होने के बाद जुलाई से कक्षाएं शुरू हुई तो मन लगाकर ...

### सरस्वती विद्या मंदिरों के बोर्ड टॉपर किए सम्मानित

शिमला। शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर स्कूलों के बोर्ड की दसवीं की परीक्षा की मेरिट में टॉप टेन में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।


शिमला के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूलों के टॉपर्स के साथ शिक्षा मंत्री शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर। अमर उजाला

उन्होंने शिक्षा भारतीय के अतिथि गृह का लोकार्पण भी किया। सम्मानित ... जिस देश का शिक्षा और स्वास्थ्य तंत्र ठीक रहता है वह खुद ठीक हो जाता ...

### असम हाईस्कूल परीक्षा की प्रावीण्य सूची में डेढ़ दशक से शंकरदेव विद्या निकेतनों के छात्रों का परचम





अधीशा देबशर्मा

**नाम: अधीशा देबशर्मा**
**स्कूल का नाम:** मदन मोहन पारा शारदा शिशु तीर्थ, दिनहाटा
**उपलब्धि:** पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ हायर सेकेंडरी परीक्षा में 500 में से 498 अंक प्राप्त कर राज्य में प्रथम रैंक किया है। उसने अंग्रेजी, रसायन विज्ञान, गणित और भौतिक विज्ञान सहित 4 विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। शीर्ष रैंक पाने वाली अधीशा का पहला लक्ष्य जरूरतमंद बच्चों की मदद करना है।



ओम मिश्रा

**नाम : ओम मिश्रा**
**स्कूल का नाम:** रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, प्रयागराज
**उपलब्धि:** हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2022 में प्रयागराज नगर में पहला और प्रयागराज जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। ओम ने 94.83% अंक प्राप्त किए हैं।



संस्कृति ठाकुर

**नाम : संस्कृति ठाकुर**
**स्कूल का नाम:** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गुलाब बाड़ी, मुरादाबाद
**उपलब्धि:** राज्य बोर्ड परीक्षा 2022 में दूसरा स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री योगी आदित्यनाथ जी ने मुरादाबाद में संस्कृति का सम्मान किया।



सुजल भारद्वाज

**नाम : सुजल भारद्वाज**
**स्कूल का नाम:** श्री नरसिंह सरस्वती विद्या मंदिर फतेपुर
**उपलब्धि:** हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन की कक्षा 10वीं के परिणाम की मेरिट सूची में 687 अंक प्राप्त कर 7वां स्थान प्राप्त किया है।



अदिति सिधारा

**नाम : अदिति सिधारा**
**स्कूल का नाम:** भारतीय विद्या मंदिर हाई स्कूल हीरा नगर, जम्मू और कश्मीर
**उपलब्धि:** अदिति ने गणित, हिंदी, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में A1 ग्रेड के साथ 90% अंक प्राप्त किए हैं। अदिति ने जम्मू और कश्मीर स्टेट बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा आयोजित कक्षा 10 की परीक्षा में शीर्ष अंक हासिल करके नाम कमाया।



सनी

**नाम : सनी**
**स्कूल का नाम:** भारतीय विद्या मंदिर हाई स्कूल हीरा नगर, जम्मू और कश्मीर
**उपलब्धि:** सनी ने गणित, हिंदी, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में ए 1 ग्रेड के साथ 95% (9.80 CGPA) अंक हासिल किए हैं। सनी ने जम्मू और कश्मीर स्टेट बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा आयोजित कक्षा 10 की परीक्षा में शीर्ष अंक हासिल करके नाम कमाया।

# विद्या भारती की उपलब्धियां : खेलकूद




## संयुक्त अरब अमीरात में अन्तरराष्ट्रीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक

विद्यालय मदन मोहन कलावती सर्राफ सरस्वती विद्या मन्दिर,मथुरा के पूर्व छात्र अंकित उपाध्याय (गढी हयातपुर,तहसील महावन) ने संयुक्त अरब अमीरात में अन्तर्राष्ट्रीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करके सभी को पूरे विश्व में गौरवान्वित किया है।



## "शिक्षा और खेल निदेशालय" ने मिशन उत्कृष्टता योजना के तहत 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार

ललित महाजन एसवीएम स्कूल, वसंत विहार के छात्र हर्ष फोगाट को लॉन टेनिस में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए "शिक्षा और खेल निदेशालय" ने मिशन उत्कृष्टता योजना के तहत 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

# विद्या भारती पूर्व छात्र : सफलता की कहानियाँ

## विद्या भारती के पूर्व छात्र अमित रंजन सिन्हा ने आस्तित्व खोती जा रही बांकी नदी को बचाने के लिए 20000 लोगों को इकट्ठा किया।












सरस्वती शिशु मंदिर जशपुर नगर के पूर्व छात्र अमित रंजन सिन्हा बांकी नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए संरक्षण अभियान चला रहे हैं, जिसे जशपुर की जीवन रेखा कहा जाता है। बांकी नदी का उद्गम सितोंगा नामक स्थान से होता है, जो जशपुर से थोड़ी दूरी पर है। जिला मुख्यालय जशपुर के निकट ग्राम सितोंगा से जशपुर की झारखंड सीमा के समीप ग्राम नीमगांव में बहने वाली 18 किलोमीटर लंबी नदी भूमि अतिक्रमण के कारण तेजी से अपना अस्तित्व खोती जा रही है। अमित ने अपने 3 - 4 निकट मित्रों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की और उन्होंने 11 मई को एक बैठक की। उन्होंने बांकी नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए एक संरक्षण कार्यक्रम चलाने का निर्णय किया। इस नदी के तट पर, जशपुर रियासत के दौरान बसा और विकसित हुआ। आज इस नदी की स्थिति बहुत दयनीय है। उद्गम स्थल से कुछ किमी की दूरी पर नदी की प्रकृति नाले के समान है।कहीं नदी 1 मीटर चौड़ी है तो कहीं उससे भी कम। यह सभी के लिए चिंता का विषय है।हम 3 – 4

लोगों ने एक बैठक की और एक रोडमैप और भविष्य की कार्य योजना बनाई। सबसे पहले, हमने एक तारीख तय की और उस दिन हमने सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैलाना शुरू किया। हमने लोगों से एक निश्चित स्थान पर इकट्ठा होने का अनुरोध किया। हमने कलेक्टर को भी हमारे साथ आने के लिए आमंत्रित किया", अमित ने याद किया। धीरे-धीरे लोग इस अभियान से जुड़ने लगे। इसने एक बहुत बड़ा रूप ले लिया और नदी को बचाने के लिए एक आंदोलन बन गया। अमित ने कहा, "आज हमारा अभियान इतना बड़ा रूप ले चुका है कि हर दिन 500 से 1000 लोग आते हैं और इस नदी को बचाने का काम करते हैं।" उन्होंने शुरू में सरकार से बात की और उन्हें कोई वित्तीय सहायता नहीं मिली। तभी अमित ने लोगों को फोन कर सहयोग करने की प्रार्थना की। लोग आगे आए तो किसी ने डीजल, किसी ने समय तो किसी ने पैसा दिया और जब इसने थोड़ा व्यापक रूप लिया तो सरकार ने भी मदद करनी शुरू कर दी। नदी को फिर से जीवंत करने के लिए अभी तक अमित और उनकी टीम ने सरकार से एक पैसा भी नहीं लिया है। उन्होंने कहा, सिर्फ 15 दिनों में अबतक 20000 लोग जुड़ चुके हैं। रोज नए लोग आते हैं।
3 साल के बच्चों से लेकर 80 साल के बुजुर्ग सभी यहां आकर अपनी क्षमता के मुताबिक काम करते हैं। संघ परिवार के लोग भी हमारी मदद कर रहे हैं", अमित ने कहा। बांकी नदी 18 किमी लंबी है। और अमित का कहना है कि उनके लिए पूरे खंड को चौड़ा करना संभव नहीं हो सकता है। इसलिए उन्होंने विशेष क्षेत्रों का चयन किया है और पहले वहां काम करना शुरू किया है। "हम जा रहे हैं और सबसे पहले उन जगहों पर काम कर रहे हैं जहां अधिक समस्या है। कुछ क्षेत्र जो एक मीटर से भी कम थे, हमने उन्हे अब 20 मीटर चौड़ा कर दिया है", अमित ने साझा किया। अमित ने यह भी बताया कि इस नदी पर कुल 11 बांध हैं। वे इन बांधों की सफाई भी कर रहे हैं ताकि कहीं पानी जमा न हो।"हमने बचपन में इस नदी में नहाया और खेला है। इस नदी के साथ हमारे बचपन की बहुत अच्छी यादें थीं, तो हम इसे इस तरह कैसे खत्म होने दे सकते हैं", भावुक अमित ने साझा किया।तेजी से सिकुड़ती बांकी नदी को बचाने के लिए अभियान तेज हो गया है और लोग लगातार अमित के साथ जुड़ रहे हैं।



21 May 2022 (Drone View) | 31 May 2022 (Pic from Phone)

The 18 kilometer long river, which is flowing from village Sitonga near district headquarter Jashpur to village Neemgaon near Jharkhand border of Jashpur, is fast losing its existence due to land encroachment. At a distance of few km from the point of origin, the nature of the river was like a drain. Somewhere the river was 1 meter wide and somewhere even lesser.

## विद्या भारती के पूर्व छात्र एवं उनके कुछ मित्रों ने बनाया एक प्रोजेक्ट ड्रोन

श्री बलराम उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के पूर्व छात्र एवं आनंद इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के मैकेनिकल विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र रोहित सैनी एवं उनके कुछ मित्रों ने मिलकर एक प्रोजेक्ट ड्रोन तैयार किया है। यह ड्रोन 20 फीट की ऊँचाई तक आसानी से उड़ सकता है। इस ड्रोन की सबसे खास बात यह है कि यह ड्रोन बाजार में मिलने वाले ड्रोन से बहुत कम लागत से बनाया गया है।







# विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान

**प्रज्ञा सदन, जी.एल.टी. सरस्वती बाल मंदिर परिसर, नेहरू नगर, महात्मा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-65**

**ई-मेल: vbabss@yahoo.com, vbsamvad@gmail.com**
**वेबसाइट: www.vidyabharti.net**
**फेसबुक | ट्विटर | इंस्टाग्राम : vidyabharatiIN**
**Youtube: Vidya Bharati Akhil Bhartiya Shiksha Sansthan**
**फोन: 91 - 11 -29840013, 29840126, 20886126**

# समाचार पत्रों में विद्या भारती



## गुणवत्तायुक्त शिक्षा से समाज बढ़ेगा : राज्यपाल मलिक

योगाभ्यास : सरस्वती शिशु मंदिर में योग दिवस मनाया गया

## अच्छे स्वास्थ्य के लिए लोगों ने किया योग

## सौ प्रतिशत रहा नंदलाल गीता विद्या मंदिर स्कूल का परिणाम

नंदलाल विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थी शिक्षकों के साथ।

साहा। नंदलाल गीता विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य बलवंत सिंह ने बताया कि विद्यालय के 50 बच्चों की मेरिट, 63 बच्चे 60 प्रतिशत से अधिक नंबर लेकर उत्तीर्ण हुए हैं। छात्र विश्व प्रताप ने जिले में ओवरआल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय

## सरस्वती विद्या मंदिर में नवाजीं छात्राएं

बच्चों ने कहा, कड़ी मेहनत व अनुशासन से ही हासिल होता है लक्ष्य

## सरस्वती विद्या मंदिरों के बोर्ड टॉपर किए सम्मानित

शिमला के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूलों के टॉपरों के साथ शिक्षा मंत्री शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर।

नवभारत

## छात्र नीरज 12 वीं में प्रथम

## विद्या भारती के स्कूलों में दिए जाते समर्पण के संस्कार

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में योग शिविर का आयोजन

## मुरादाबाद की संस्कृति ठाकुर ने प्राप्त किए 97.50% अंक

## गुणवत्तायुक्त शिक्षा से आगे बढ़ेगा समाज : सत्यपाल मलिक

## आनन्द कॉलेज के छात्रों ने किया इनोवेशन

## कम लागत में बनाया ड्रोन

जयपुर @ पत्रिका प्लस. कानोता जयपुर स्थित आनंद इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के मैकेनिकल विभाग के अन्तिम वर्ष के छात्र रोहित, नितिन, अभिषेक, सरफराज एवं फोटोग्राफी व लाइव रिकॉर्डिंग की जा सकती है। इस ड्रोन की विशेषता यह है कि यह बाजार में मिलने वाले ड्रोन से बहुत कम लागत में बनाया गया है। वाइस चेयरपर्सन मोनिका

लोकल फॉर वोकल की मिसाल सरस्वती विद्या मंदिर शारदा विहार आवासीय विद्यालय

## गोबर से तैयार 45 किलो सीएनजी से चलते हैं वाहन

## रसोई में लगने वाली गैस का खर्च भी हुआ आधा

खाद और दूध की भी मांग

इनका कहना

## Residents pour in to revive lifeline of Jashpur

■ Our Correspondent

JASHPUR, May 23

POSITIVE results of the river conservation campaign, which was started a week ago, are now being seen in Jashpur. A large number of Jashpur residents performed Shramdan and removed unwanted plants, stones and sand from the Banki River bank to make it clean.

Banki River is the lifeline of Jashpur

Shramdan being performed at Banki River bank.

Even Collector Ritesh Kumar Agrawal and SP Rajesh Agrawal visited the spot and encouraged the people. Collector said that the public is concerned to save the Banki River and within a few days, the River has come back to its original form. He said that the district administration will provide all possible help. SP Rajesh Agrawal said that the police administration will also extend its full support for the noble cause.

श्री नरसिंह सरस्वती विद्या मन्दिर फतेहपुर की सूजल ने टॉप-10 में पाया 7वां स्थान

## मेरिट में 43 तो 70 बच्चे रहे प्रथम श्रेणी में

## आर्य चाणक्य विद्यालयात विद्यार्थ्यांचे स्वागत

## विद्या भारती का मुख्य उद्देश्य बच्चों में समाज, देश प्रेम और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यो को भरना है :--देशराज

छोटे से गांव का युवा उड़ाएगा वायुसेना के हेलीकॉप्टर

Today's Rajasthan Patrika

## ढाई सौ छात्र-छात्राओं को चांदी के सिक्के प्रदान कर किया सम्मानित

ਸਮਾਜ ਵਿੱਚ ਸਹੀ ਬਦਲਾਅ ਕੇਵਲ ... ਪ੍ਰਣਾਲੀ ਵੱਲੋਂ ਹੀ ਸੰਭਵ- ਦੇਸ਼ ਰਾਜ ਸ਼ਰਮਾ

दिर कमला नगर में विकास वर्ग का 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ प्रारंभ

## Teacher Training Workshop by BSS concludes

Participants posing with officials during workshop.